कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं बी.एड. संकायों की नैक (B++) प्रत्यायित संस्था

# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय

सिविल लाइन्स, गोरखपुर–273001

**सम्बद्ध : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर**

# दिगंत

## ई-पत्रिका:मई-2025




उत्तर प्रदेश शासन द्वारा 'अ' श्रेणी में वर्गीकृत


**Website** : www.dnpgcollege.edu.in **Helpline Email** : dnpgonline@gmail.com

**Office Email** : dnpggkp@gmail.com **Contact Number** : 0551-2334549


For Social App links (Click one icon) :



# दिगंत-ई-पत्रिका:मई-2025

May-2025

## संरक्षक मण्डल



परमपूज्य गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ जी महाराज

## मुख्य संरक्षक



**प्रो.उदय प्रताप सिंह**
अध्यक्ष, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद, गोरखपुर



**श्री प्रमोद कुमार चौधरी**
उपाध्यक्ष, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद, गोरखपुर

## सम्पादक मण्डल



प्रो. ओम प्रकाश सिंह,प्राचार्य

## प्रधान सम्पादक

1. **डॉ. सुभाष चन्द्र,** सहायक आचार्य, बी.एड. विभाग
2. **डॉ. विभा सिंह,** सहायक आचार्य, हिन्दी विभाग
3. **डॉ. प्रियंका सिंह,** सहायक आचार्य, राजनीति विज्ञान विभाग
4. **श्री अश्वनी कुमार श्रीवास्तव,** तकनीकी सहायक








# कार्यक्रम-विवरण

| क्र.सं. | दिनांक एवं दिन | विभाग का नाम | कार्यक्रम का नाम | पेज नं. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 02.05.2025 शुक्रवार | गणित विभाग | एकेडमिक ऑडिट | 1 |
| 2 | 09.05.2025 शुक्रवार | बी.एड. विभाग | 'हिंदुआ सूर्य' वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 485वीं जयंती | 2–3 |
| 3 | 24.05.2025 शनिवार | भौतिक विज्ञान विभाग | एकेडमिक आडिट | 3–4 |
| 4 | 26.05.2025 सोमवार | बी.एड.विभाग | ऑल इन वन कंसल्टेंसी सर्विस द्वारा कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन | 4 |
| 5 | 26.05.2025 सोमवार | एन.सी.सी. | संगोष्ठी | 5 |
| 6 | 27.05.2025 मंगलवार | महाविद्यालय | आई.क्यू.ए.सी. की बैठक | 6 |
| 7 | 28.05.2025 बुधवार | बी.एड. विभाग | विदाई एवं सांस्कृतिक समारोह का आयोजन | 7 |

May-25



# गणित विभाग द्वारा एकेडमिक ऑडिट







**दिनांक 02.05.2025 को** दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के गणित विभाग के **सत्र 2024–25 का एकेडमिक ऑडिट डॉ जी.पी. सिंह, सहायक आचार्य, गणित विभाग, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर** के निर्देशन तथा गणित विभाग दिग्विजयनाथ पी.जी. कॉलेज के प्रभारी डॉ. सूरज कुमार शुक्ल के नेतृत्व में संपादित किया गया।

**कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने किया।** कार्यक्रम के दौरान डॉ. नीतीश शुक्ल, डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव, श्री रामपाल मौर्या, डॉ. आनंद कुमार मिश्रा, श्री हरिशंकर गुप्ता, श्रीमती अनुराधा सिंह, डॉ. राजेश सिह के साथ कॉलेज के कई अन्य शिक्षक मौजूद रहें।



## बी.एड. विभाग में 'हिंदुआ सूर्य' वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 485वीं जयंती

दिनांक 09.05.2025 को महाविद्यालय, गोरखपुर के बी.एड. विभाग में 'हिंदुआ सूर्य' वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 485वीं जयंती का आयोजन किया गया।






कार्यक्रम को मुख्य अतिथि प्रो.(डॉ.) सत्यपाल सिंह, अर्थशास्त्र विभाग, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर थे। माँ सरस्वती एवं महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कर किया। उसके पश्चात विभाग के सभी प्राध्यापकगण एवं द्वितीय तथा चतुर्थ सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं ने महाराणा प्रताप जी के चित्र पर पुष्पांजलि कर उनका नमन किया।

मुख्य अतिथि प्रो.(डॉ.) सत्यपाल सिंह ने महाराणा प्रताप के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वदेश, स्वाभिमान और स्वधर्म के लिए अपना सर्वस्व अर्पित करने वाले महाराणा प्रताप जी के जीवन से हमें पता चलता है कि हमारे अन्दर पुरुषार्थ का जागरण आपातकाल में होता है। उनके व्यक्तित्व की आभा, सदियों तक 'मानवता के संघर्ष' को प्रकाशमान करती रहेगी। द्वितीय सेमेस्टर की प्रशिक्षु सन्नू गौतम ने महाराणा प्रताप की जीवनी का संक्षिप्त परिचय दिया। चतुर्थ सेमेस्टर के प्रशिक्षु बिंदेश्वर तिवारी ने महाराणा प्रताप के बलिदान को याद किया। प्रशिक्षु हर्षिता कश्यप ने महाराणा प्रताप पर सुप्रसिद्ध कविता "रण बीच चौकड़ी भर–भर कर चेतक बन गया निराला था" प्रस्तुत किया। प्रशिक्षु नितेश शर्मा ने कविता 'युद्ध नहीं जिनके जीवन में' प्रस्तुत किया। प्रशिक्षु प्रद्युम्न दुबे ने कहा कि महाराणा प्रताप जी ने मुगलों की पराधीनता कभी स्वीकार नहीं किया

May

था। उन्होंने अकबर के प्रलोभनों को ठुकराकर उसका पुरजोर विरोध किया था। कार्यक्रम का आभार ज्ञापन प्रशिक्षु अंशिका पाण्डेय ने एवं संचालन प्रद्युम्न दुबे ने किया।

## भौतिक विज्ञान विभाग का एकेडमिक ऑडिट




**दिनांक 24.05.2025 को महाविद्यालय, गोरखपुर के भौतिक विज्ञान विभाग, का एकेडमिक ऑडिट सत्र: 2024–25, विभाग प्रभारी डॉ. नितीश शुक्ला के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।**

**दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के भौतिक विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अमित कुमार सिंह चौहान** बतौर ऑडिटर पाठ्यक्रमों, कक्षा अध्यापन, प्रयोगशाला, मासिक मूल्याकंन, विश्वविद्यालय की आन्तरिक परीक्षा, कक्षा में विद्यार्थियों की उपस्थिति, अतिथि व्याख्यान, नवाचार कार्यो, विभागीय सेमिनार व वर्कशॉप, विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेशन, विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास हेतु विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयास, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन, विभाग में उपलब्ध संसाधन एवं विभाग द्वारा संपन्न किए जाने वाली अन्य गतिविधियों की जांच की। उन्होंने विभाग द्वारा किये जा रहे शैक्षणिक गतिविधियों, नवाचार के प्रयासों व विभाग द्वारा यूटयूब पर उपलब्ध कराये जा रहे पाठ्य सामग्री की सराहना की और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप अध्यापन और शिक्षण के लिए आधुनिक तकनीकों के अधिकाधिक प्रयोग का सुझाव भी दिया। विभाग के प्रभारी डॉ. नितीश शुक्ल ने विभाग के उपलब्धियों के बारे में विस्तार से उन्हें बताया। **ऑडिट करने के बाद ऑडिट रिपोर्ट असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अमित कुमार सिंह चौहान ने सील बंद लिफाफे में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह को सौंप दिया। इस अवसर पर विभाग के प्राध्यापक, प्रयोगशाला सहायक श्री संतोष कंचन व लैब बीयरर श्री संदीप गौड़ उपस्थित रहे।**




May 2025

# ऑल इन वन कंसल्टेंसी सर्विस द्वारा कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन

**दिनांक 26.06.2025 को महाविद्यालय, गोरखपुर एवं 'ऑल इन वन कंसल्टेंसी सर्विस', धर्मपुर, गोरखपुर के सयुंक्त तत्वावधान में महाविद्यालय के बी.एड. विभाग में निजी विद्यालयों में 'सहायक शिक्षक' पद हेतु कैम्पस प्लेसमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

**उक्त कार्यक्रम में विभाग के 40 प्रशिक्षु साक्षात्कार हेतु उपस्थित हुए,** जिनमें से 23 विद्यार्थियों का चयन 300000.00 से 400000.00 रुपये के वार्षिक पैकेज पर गोरखपुर शहर एवं उसके आस–पास के विभिन्न प्रसिद्ध निजी शिक्षण–संस्थानों में शिक्षण कार्य हेतु हुआ। **साक्षात्कार ऑल इन वन कंसल्टेंसी सर्विस के निदेशक श्री गोविन्द पाण्डेय, ऋचा मिश्रा, कोऑर्डिनेटर सेंट थॉमस स्कूल, गोरखपुर एवं महेन्द्र प्रताप, निदेशक एम.एस.वाई. होल सलूशन प्राइवेट लिमिटेड, गोरखपुर के द्वारा किया गया।**






# एन.सी.सी.द्वारा संगोष्ठी







दिनांक 26.06.2025 को 44 यूपी वाहिनी एनसीसी, गोरखपुर के तत्वावधान में महाविद्यालय, गोरखपुर की एन.सी.सी. प्लाटून/यूनिट द्वारा विकसित भारत/2047 योजना 2025–26 के अन्तर्गत **'विकास भी विरासत भी'** सब–थीम पर संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन एन.सी.सी. कैडेट्स के द्वारा किया गया।

संगोष्ठी के प्रथम चरण में सभी एन.सी.सी. कैडेट्स ने 'विकास भी विरासत भी' सब–थीम पर अपने–अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में सी.टी.ओ. डॉ. सुभाष चन्द्र ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत का विजन है 'विकास भी विरासत भी'। 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र में बदलने के लिए हमें देश की बुनियादी ढांचे का विकास, आर्थिक विकास, समावेशी विकास और समाज के विभिन्न वर्गों को सशक्त बनाने पर अपना ध्यान केन्द्रित करना होगा। प्रशिक्षक श्री सत्येन्द्र कुमार यादव ने अपने वक्तव्य में कहा कि विकास की प्रगती के साथ ही साथ अपनी सांस्कृतिक विरासत, परम्पराओं एवं मान्यताओं तथा प्राचीन धरोहरों को भी संरक्षित रखने पर बल दिया जाएगा। संगोष्ठी कार्यक्रम में सभी एन.सी.सी. कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

# आई.क्यू.ए.सी. के साधारण सभा की बैठक






दिनांक 27.05.2025 को आई.क्यू.ए.सी. के साधारण सभा की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें महाविद्यालय के विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की गयी–जिसमें मुख्य रूप से 2024–25 की महाविद्यालयी कार्ययोजना (CAP) की समीक्षा, 2024–25 वर्तमान सत्र के शैक्षिक पचांग की समीक्षा, ई–कॉन्टेन्ट/उ.प्र. डिजिटल लाइब्रेरी पर कन्टेन्ट लोड करने की प्रगति की समीक्षा, Infrastructure Enrichment पर विचार, सभी विभागों के अकादमिक लेखा परीक्षण की समीक्षा, पुरातन छात्र परिषद की बैठक के तिथि का निर्धारण, रेन वाटर हार्वेस्टिंग व कम्पोस्ट इकाई में सुधार की प्रगति की समीक्षा, Non-Teaching Staff को तकनीकी प्रशिक्षण देने के प्रगति की समीक्षा, महाविद्यालयी शोध पत्रिका के प्रकाशन के प्रगति की समीक्षा, लैंग्वेज लैब के प्रगति की स्थिति, विभिन्न कोर्सेज चलाने हेतु बोर्ड ऑफ स्टडीज गठित कर इसके क्रियान्यवन की समीक्षा, CRISP प्रधानमंत्री योजना के वाणिज्य विभाग में क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति पर विचार, Plagiarism चेक करने हेतु साफ्टवेयर पुस्तकालय में लेने पर विचार किया गया।

# शिक्षक शिक्षा विभाग में विदाई एवं सांस्कृतिक समारोह का आयोजन





दिनांक 28.05.2025 को महाविद्यालय, गोरखपुर के शिक्षक–शिक्षा विभाग में द्वितीय सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं द्वारा चतुर्थ सेमेस्टर के प्रशिक्षुओ हेतु विदाई एवं सांस्कृतिक समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो.(डॉ.) ओम प्रकाश सिंह थे एवं विभाग के समस्त प्राध्यापकगण द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात सरस्वती वंदना प्रशिक्षु अंशिका पांडेय, नेहा साहनी, हेमा गुप्ता एवं सन्नु गौतम के द्वारा प्रस्तुत किया गया। प्रशिक्षु प्रदुम्न दुबे के द्वारा मुख्य अतिथि जी का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। स्वागत गीत प्रशिक्षु हर्षिता कश्यप, हेमा एवं आकांक्षा राव द्वारा प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में द्वितीय सेमेस्टर के सुधीर कुमार के द्वारा भोजपुरी लोक गीत प्रस्तुत किया गया। **कार्यक्रम की अगली कड़ी में प्राचार्य प्रो. (डॉ.) ओ.पी. सिंह जी के द्वारा आशीर्वचन एवं शुभकामनाएं दी गईं जिसके अंतर्गत उन्होंने प्रशिक्षुओं को अभिप्रेरित करते हुए कहा कि** विद्यार्थिओं को अपने उत्तरजीविता को अपने कौशल से बढ़ाना है ताकि हम इस प्रतिस्पर्धी युग में आगे रह सकें एवं उन्होंने बताया कि जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति हेतु एक समय सीमा का होना जरूरी है ताकि एक समयबद्ध रुप से लक्ष्य की प्राप्ति कर सकें।



